





गणेश महोत्सव के मौके पर हल्द्वानी और बागेश्वर में शोभायात्रा निकालते लोग, काशीपुर के कटरामालियान में स्थापित की गई श्री गणेश जी की प्रतिमा

# गणपति बप्पा की गूंज के साथ गणेश महोत्सव का आगाज

## जगह-जगह पंडालों में विधि विधान के साथ हुई मूर्ति की स्थापना, रंगारंग धार्मिक कार्यक्रमों की धूम

उत्तर उजाला संवाददाता

**हल्द्वानी।** शहर में गणेश महोत्सव की धूम शुरू हो गयी है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को प्राचीन श्री शिव सेवा समिति के गणेश महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना के साथ की गयी। मंगल पड़ाव शिव मंदिर से बैंड बाजे के साथ नाचते गाते हुए भगवान गणेश जी की प्रतिमा शोभा यात्रा के रूप कार्यक्रम स्थल लक्ष्मी शिशु मंदिर स्कूल पहुंची, जहां पंडित विवेक शर्मा ने विधि विधान के साथ स्थापना पूजन करवाया। मुख्य यजमान कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा, अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, पंकज गुम्बर सह पत्नी थे। शाम को रंगारंग धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। भक्तों ने कलाकारों की प्रस्तुति की जमकर सराहना की। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। वहीं, सेवालय आश्रम के मूक बधिर बच्चों की प्रस्तुति ने खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर रेनू अधिकारी, प्रदीप बिष्ट, सुभाष मोंगा, गुलशन सदाना, सुभाष गुप्ता, गंगा जायसवाल, लाला जायसवाल, प्रदीप कक्कड़, रूपेन्द्र नागर, हेमंत साहू, पदम पाल, त्रिलोक सिंह, शिव कपूर, अमित अश्वनी, दिनेश अग्रवाल, अशोक सिंधी, राजू जायसवाल, पूरन सागर, अनिल अग्रवाल, दीपांशु शर्मा, विपिन साहू, धर्मेंद्र साहू, रामरूप गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे। इधर, वैश्य महासभा के गणेश महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना के साथ की गयी। गणेश जी की विशाल मूर्ति का डोला ढोल नगाड़े और पुष्प वर्षा के बीच कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान तक लाया गया, जहां विधिविधान से मूर्ति का पूजन किया तथा आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया। वहीं शाम को प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और रात्रि 8:30 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल ने बताया कि गणेश जी की यह मूर्ति मिट्टी की बनी है और केवल वैश्य महासभा ही गणेश जी की मूर्ति का निर्माण मिट्टी से कराता है। इस दौरान राजेंद्र अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुशील कुमार, श्रीकांत खंडेलवाल, बिंदेश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, भगवान सहाय अग्रवाल, नीरज प्रभात गर्ग, अरविंद जायसवाल, यश गुप्ता, मंजू वार्ष्णेय, भोलानाथ केसरवानी, स्नेहलता गुप्ता, अतुल जायसवाल, सुरेश केसरवानी, संदीप गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अशोक वार्ष्णेय, किशन लाल गुप्ता, हीरालाल साहू, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**बागेश्वर।** जनपद में बुधवार को बागनाथ मंदिर परिसर, बिलौनासेरा व गरुड़ में गणेश महोत्सव की धूम रही। बिलौनासेरा में दस दिनों तक आयोजित होने वाला गणेश महोत्सव के शुभारंभ पर महिलाओं ने समण गोलू मंदिर से भगवती मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। यहां मुख्य यजमान पूरन सिंह, पंडित भुवन कांडपाल, गोपाल सिंह गढ़िया, विक्की सुयाल, हरीश सुयाल, गोविंद सुयाल, लक्ष्मण सिंह, कैलाश गढ़िया, राजा सुयाल, भूपेंद्र घनौला, हेमचंद जोशी, सुंदर, ललित सिंह, गंगा नेगी, नीरू थापा, रेखा घनौला आदि रहे। वहीं, बागनाथ मंदिर में गणेश महोत्सव का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल और पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने किया। इस दौरान गणेश जोशी, गीता रावल, कवि जोशी, उमेश लाल साह, हरीश वर्मा, संजय वर्मा, पारस वर्मा मनोज वर्मा आदि थे। उधर, गरुड़ में श्रीराम मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ गणेश महोत्सव प्रारंभ हो गया। यहां ब्लाक प्रमुख किशन बोरा, जिपंस जनार्दन लोहुमी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, पालिकाध्यक्ष भावना वर्मा, सभासद अंकित जोशी, प्रदीप गुरुरानी, मोनिका वर्मा, दयाल गिरी गोस्वामी, व्यापार संघ अध्यक्ष महेश बिष्ट ठाकुर, दीवान नेगी, लक्ष्मी दत्त पांडे, कैलाश चंद्र जोशी, हिमांशु तिवारी आदि उपस्थित थे।

**गरुड़।** क्षेत्र में बुधवार को गणेश महोत्सव की धूम रही। इस मौके पर लखनी मोटर मार्ग से राम मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही गणपति बप्पा की प्रतिमा को विधि-विधान के साथ श्रीराम मंदिर में स्थापित किया गया। उत्सव के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक पिछौड़ा व परिधान धारण कर कलश यात्रा निकाली। पूरा बाजार गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में दयाल गिरी, विपिन तिवारी, घनश्याम जोशी, सभासद अंकित जोशी, संजय जोशी, भास्कर बृजवासी, भगवत राणा, कैलाश चंद्र जोशी, लक्ष्मी दत्त पांडे, हिमांशु तिवारी, सुंदर भाकुनी, प्रकाश जोशी, खीमानंद जोशी समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

**सितारगंज।** नगर में बुधवार को गणेश उत्सव की धूम देखने को मिली। श्री गणपति सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का भव्य नगर भ्रमण कर बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री रामलीला परिसर में स्थापना की गई। गाजे-बाजे और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति अध्यक्ष दयानंद सिंह ने बताया कि गणेश उत्सव का शुभारंभ हो गया है, जो 31 अगस्त को मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न होगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम पूजन और रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। मुख्य पुजारी पंडित शंकर व पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने गणपति की विधिवत पूजा-अर्चना कर स्थापना की। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि भगवान गणेश सभी पूजनों में प्रथम पूज्य देव हैं। इस मौके पर प्रदीप चिटकारा, रामनगीना प्रसाद, हरपाल सिंह, शिवचरण जिंदल, सभासद दीपक गुप्ता, अमित रस्तोगी, लाल सिंह दायमा और काशीराम समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

**खटीमा।** सर्राफा एसोसिएशन एवं गणेश मित्र मंडल महाराष्ट्र के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया।

गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारम्भ पुरानी तहसील खड़ंजा मार्केट से गणपति बप्पा मोरया के नारों के साथ ढोल, नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ भगवान गणेश जी की मूर्ति को शोभा यात्रा के साथ रामलीला ग्राउंड पहुंचकर स्थित पंडाल में स्थापित किया गया। वरिष्ठ सर्राफा व्यवसायी नीरज रस्तोगी ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव एक सितम्बर तक रहेगा जारी रहेगा। जिसमें प्रतिदिन प्रात:काल व शाम 8.30 बजे आरती होगी। प्रतिदिन रात्रि साढ़े आठ बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। 31 अगस्त को भव्य शोभा यात्रा के साथ बनवसा बैराज में मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। एक सितम्बर को सनातन धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, संजय रस्तोगी, सुधीर वर्मा, मनोज वाधवा, अमित वर्मा, राजपाल रस्तोगी, अमरदीप स्तोगी, अनुराग वर्मा, मुकेश वर्मा, बिनय भट्ट, अरविंद, विजेंद्र रस्तोगी आदि मौजूद थे।

**काशीपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मोहल्ला कटरामालियान नई सब्जी मंडी वार्ड नंबर 19 में श्री गणेश जी की प्रतिमा पूरे विधि विधान से मुख्य यजमान पार्षद शिवांश गोले प्रजापति व नगर पालिका उप चेयरमैन कैलाश चंद्र प्रजापति एड. ने स्थापित की। गणेश महोत्सव में भगवान गणेश जी के भजन एवं गुणगान किये गये, जिससे भक्त भकित भाव से विभोर हो गए और मस्ती से झूमने लगे। इस अवसर पर पूर्व सभासद प्रकाश प्रजापति, अरुण वर्मा, रजत प्रजापति, राजीव प्रजापति एडवोकेट, वंश ठाकुर, ललित प्रजापति, अभिषेक सैनी, ललित कुमार, संजू सैनी, प्रिंस कश्यप, प्रदुम्न कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को शहर भक्तिरस में डूबा नजर आया। जगह-जगह पर गणेश उत्सव के कार्यक्रम के दौरान पूरा नगर गणपति मोरया के जयकारों से गूंज उठा।



केलाखेड़ा में गणेश प्रतिमा स्थापना को लेकर जाते श्रद्धालु

### केलाखेड़ा में गणेश चतुर्थी का धूमधाम से आगाज

**बाजपुर/केलाखेड़ा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का पर्व बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान गणेश की प्रतिमाएं ढोल-नगाड़ों के साथ विराजमान की गईं। यह पर्व 10 दिनों तक चलेगा और 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन के साथ सम्पन्न होगा। गणेशपुर की पुलिया पर कांता यादव के आवास पर शिव मंदिर के महंत मोहन चंद्र भट्ट ने विधि-विधान से गणपति की स्थापना कर पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान बप्पा को मोदक, लड्डू, फल-फूल और दूर्वा घास का भोग लगाया गया। गणेश आरती और भजनों के बाद प्रसाद वितरण हुआ। महंत मोहन चंद्र भट्ट ने बताया कि गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक भव्यता का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान गणेश विघ्नहर्ता और समृद्धि के देवता हैं। इस अवसर पर तुलाराम यादव, कांता यादव, दीक्षांत यादव, अक्षित यादव, अग्रिमा यादव, योगिता मेहर, ज्योति चंद्र, रितु खुराना, विमला यादव, राहुल सक्सेना, कुलदीप कौर, सोनी सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### छात्रों के बैंड ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**रानीखेत।** गणेश मण्डल के तत्वावधान में गणेश जी की भव्य शोभा यात्रा नगर में निकाली गई। जिसमें स्कूली छात्रों के बैंड ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति भी दी। शोभायात्रा यात्रा में ढोलों की थाप पर शोभायात्रा आगे बढ रही थी। इससे पूर्व गणेश जी के प्रथम पूज्य पंडाल में क्षेत्र के विधायक डा.प्रमोद नैनवाल को एवं सीईओ कैंट कुनाल रोहिला को मंडल ने टोपी पहनाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। इसके बाद श्री गणेश जी की भव्य आरती की गई। महिलाओं ने भजन कीर्तन भी किया। नगर में शोभायात्रा के बाद गणेश जी की मूर्ति शिव मंदिर परिसर में स्थापित की गई।



### गणेश चतुर्थी पर भक्ति और उत्साह से गूंजा ग्राफिक एरा

**भीमताल।** ग्राफिक एरा भीमताल परिसर में बुधवार से सात दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव शुरू हो गया है। पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा को ढोल-नगाड़ों की गूंज और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच झांकी के साथ परिसर में लाया गया। फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा सजाए गए खूबसूरत मंडप में प्रतिमा स्थापित की गई। विधिवत मूर्ति स्थापना और पूजा-अर्चना के साथ वातावरण शंखनाद, घंटियों और भजनों से गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत भावपूर्ण गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद शास्त्रीय युगल नृत्य ने भारतीय परंपरा की गरिमा को प्रदर्शित किया। निदेशक कर्नल अनिल कुमार नायर ने कहा यह आयोजन न केवल आस्था को प्रगाढ़ करता है बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार को एकजुट भी करता है।



गणपति प्रतिमा को झांकी के साथ परिसर में लाते विद्यार्थी

# पेंशन बंद होने से पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारियों में आक्रोश

**खटीमा।** पूर्व सैनिक उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक कर पूर्व में दी जा रही पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन को शासन से बंद किए जाने पर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताते हुए एक सितंबर को शहीद दिवस के बहिष्कार का ऐलान किया है। क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सक्रिय पूर्व सैनिक उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक कर प्रस्ताव पारित किया कि प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व सैनिक उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को दी जा रही आंदोलनकारी पेंशन तुगलगी फरमान जारी कर बंद कर दी गई है।

जिसका पूर्व सैनिक उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी विरोध करते हैं। घोषित पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि राज्य आंदोलन में सम्पूर्ण उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों ने आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की है। खटीमा सहित पूरे उत्तराखंड में पूर्व सैनिक बड़ी संख्या में हताहत हुए तथ पुलिस की ज्यादितियों का शिकार हुए। लगातार छह वर्षो तक उन्होंने मुलायम सरकार के खिलाफ मैदान में उतर कर राज्य निर्माण में अपनी निर्णायक भूमिका निभाई। जबकि उत्तराखंड विधानसभा में चुनाव जीत कर आए 80 फीसदी विधायकों का राज्य निर्माण संघर्ष से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन सरकार इन विधायकों को हर कार्यकाल की अलग-अलग पेंशन देकर इन पर प्रदेश का खजाना लुटा रही है। पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि एक सितंबर शहीद दिवस से पूर्व शासन पूर्व सैनिकों की लंबित पेंशन पर विचार नहीं करता है तो पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारी राज्य आंदोलनकारियों से संबंधित आगामी सभी सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। इस दौरान कैप्टन बीर बहादुर चंद, मुरलीधर फुलेरा, नायक सूबेदार नारायण दत्त तिवारी, बीरबल चंद, हवलदार पूरन चंद, जवाहर सिंह सामंत, राम सिंह, भीम चंद, जवाहर सिंह पोखरिया आदि मौजूद थे।

# छात्रों को दी आपदा से बचाव की जानकारी

**खटीमा।** अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में एनडीआरएफ टीम ने स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को आपदा से बचाव विभिन्न डेमो प्रस्तुत कर टिप्स दिए। बुधवार को 15वीं बटालियन एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) गदरपुर की टीम ने स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को भूकंप, आगजनी एवं अन्य आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी। टीम ने आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न डेमो और अभ्यास प्रस्तुत किए, जिनसे बच्चों को आपात स्थिति में त्वरित और सही निर्णय लेने की सीख मिली। कार्यक्रम का नेतृत्व इंस्पेक्टर दीपक कठायत ने किया। जबकि टीम सदस्य रामा लिंगन, सुरेंद्र, अरविंद, जिगर भाटी, अवधेश और हरीश ने बचाव कार्यों से संबंधित डेमो देकर जानकारी साझा की। विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र-छात्राओं ने इस उपयोगी और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के लिए 15वीं बटालियन एनडीआरएफ गदरपुर का आभार प्रकट किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध निर्देशक मधुसूदन दास गोस्वामी, उपाध्यक्ष जया चुफाल गोस्वामी, प्राजेश गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, उप प्रधानाचार्य विनोद चंद, कल्याण सिंह बिष्ट, जगदीश सावंत, दिनेश चन्द्र चिल्कोटी, दीपक भट्ट, संदीप कुशवाहा, दीपा बिष्ट, मीना वल्दिया, हरीश खोलिया, रंजना चंद, सीता राजपूत, मनीष कुमार, किशन मेहता, विकाश पाण्डेय, तनुजा गहतोड़ी, दीक्षा देउपा, पवन चौहान, दीप चंद, चन्द्र सिंह पवार, मदन कलौनी, काजल, पवनेश, गीतांजलि, अमर सिंह, महेंद्र धामी, प्रकाश आदि मौजूद थे।

# नौगवानाथ-बगियाघाट मार्ग का हो निर्माण

### ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**खटीमा।** चकरपुर बाया बिचपुरी, नौगवानाथ-बगियाघाट मार्ग का नवनिर्माण किए जाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा।

बुधवार को नौगवानाथ ग्राम प्रधान माया चंद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर चकरपुर बाया बिचपुरी,नौगवानाथ-बगियाघाट मार्ग का निर्माण किए जाने की मांग को लेकर तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि चकरपुर बाया बिचपुरी, नौगवानाथ-बगियाघाट मार्ग लगभग साढ़े चार किमी लम्बा है तथा क्षेत्र की 30 से अधिक ग्राम सभाओ को एनएच 125 से जोड़ता है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क है। जनजाति तथा पूर्व सैनिक बाहुल्य क्षेत्र में दर्जनों स्कूल, छोटे-बड़े व्यापार तथा सरकारी प्रतिष्ठान इस मार्ग से जुड़े है। सड़क स्थान-स्थान पर पूरी तरह टूट चुकी है तथा संकरी होने व तीव्र मोड़ होने के कारण सड़क पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इस दौरान बिल्हरी ग्राम प्रधान आशा बिष्ट, कुटरी ग्राम प्रधान दीपा देवी, खेतलसंडा मुस्ताजर ग्राम प्रधान रोहन चंद, सज्जन पोखरिया, जगदीश चंद, हीरा चंद, रमेश चंद, कृष्ण चंद, उमेद सामंत, मनोहर सिंह पोखरिया आदि मौजूद थे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के संबंध में चर्चा

उत्तर उजाला ब्यूरो

**रुद्रपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों का संशोधन, परिवर्तन को लेकर बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि अगस्त प्रथम पखवाड़े में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर व तहसील स्तर के माध्यम से पुनर्निर्धारण, संशोधन, परिर्वतन व भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि 1150 से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले 313 मतदेय स्थल चिन्हित किये गये हैं। 178 नये मतदेय स्थल मतदाताओं हेतु बनाये गये हैं तथा शेष 135 मतदेय स्थलों को निकटतम मतदेय स्थलों में मतदाताओं को समायोजित किया गया है। इस तरह अब जनपद में 1642 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। उन्होंने कहा बहुमंजिला इमारतों में मतदाता संख्या को देखते हुए रुद्रपुर में ओमैक्स व मैट्रोपोलिस सिटी तथा काशीपुर में प्रकाश सिटी में एक-एक मतदान स्थल बनाये गये हैं। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि अपने पार्टी के बीएलए तैनात कर सूची उपलब्ध करई जाए ताकि निर्वाचन आयोग को सूची प्रेषित किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, जिला सचिव कांग्रेस मनोज कुमार सिंह, नगर महामंत्री सुनील आर्य, जिलाध्यक्ष आप किरन पाण्डे विश्वास, जिलाध्यक्ष बसपा विनोद कुमार गौतम, विधानसभा प्रभारी आरडी मिश्रा आदि मौजूद थे।

# कई कोतवालों व थानाध्यक्षों के तबादले

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने जसपुर, कुण्डा सहित कई कोतवालों व थानाध्यक्षों के तबादले कर दिये हैं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा पुलिस लाइन में तैनात इन्स्पेक्टर राजेन्द्र सिंह डांगी को जसपुर को नया कोतवाल बनाया गया है। यह पद काफी समय से रिक्त चल रहा था। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत इन्स्पेक्टर रवि सैनी को प्रभारी निरीक्षक कुण्डा बनाया गया है जबकि प्रभारी निरीक्षक कुण्डा हरेन्द्र चौधरी को एसओजी काशीपुर का प्रभारी बनाया गया है। पन्तनगर के प्रभारी निरीक्षक सुन्दरम शर्मा को साइबर सेल प्रभारी पुलिस कार्यालय रुद्रपुर बनाया गया है जबकि थानाध्यक्ष दिनेशपुर एसआई नन्दन सिंह रावत को पन्तनगर का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत इन्स्पेक्टर धर्मवीर सोलंकी को प्रभारी निरीक्षक केलाखेड़ा बनाया गया है। एसओजी प्रभारी काशीपुर एसआई रविन्द्र बिष्ट को थानाध्यक्ष दिनेशपुर बनाया गया है।

### पुलिस को देख भाग रहा बाइक सवार दबोचा

**रुद्रपुर।** पुलिस की चैकिंग होते देख युवक ने बाइक दौड़ा दी। पुलिस चौकी प्रभारी ने बाइक सवार को दबोच लिया। बाइक की आगे और पीछे की नम्बर प्लेट को टेप लगा कर छिपाया था, पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह टीम के साथ गाबा चौक के पास वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी बीच काशीपुर रोड की तरफ से एक बाइक ने पुलिस की चैकिंग देख बाइक की रफ्तार तेज कर भगा दी चौकी प्रभारी ने बाईक सवार संदिग्ध लगा और उसका पीछा कर आर्य कन्या इंटर कालेज के सामने दबोच लिर्या। इसी बीच व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा भी पहुंच गए। बाइक की नम्बर प्लेट के दो अक्षर छिपाए थे।

# नेचर गाइड डिप्लोमा कोर्स शुरू करने की मांग

## सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने रखा प्रस्ताव, प्राचार्य ने जताई सहमति

**रामनगर।** विश्वविख्यात पर्यटन नगरी और कॉर्बेट सिटी के नाम से प्रसिद्ध रामनगर में नेचर गाइड्स का डिप्लोमा कोर्स शुरू किए जाने की मांग तेज हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने इस संबंध में पहल करते हुए पीएनजी पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमसी पांडे से मुलाकात कर महाविद्यालय के पाठ्यक्रम में यह कोर्स शामिल करने का आग्रह किया।

शर्मा ने कहा कि रामनगर क्षेत्र पर्यटन, विशेष रूप से कॉर्बेट नेशनल पार्क से जुड़ा है। यहां आने वाले देश-विदेश के लाखों पर्यटकों की पहली जरूरत एक कुशल गाइड होती है। यदि महाविद्यालय स्तर पर नेचर गाइड का डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जाए तो न केवल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि स्थानीय लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कोर्स छात्रों को कॉर्बेट पार्क समेत अन्य राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों में भी रोजगार पाने में मदद करेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमसी पांडे ने भी इस पहल की सराहना की। कहा कि रामनगर का पूरा क्षेत्र वनों और वन्यजीवों से जुड़ा है। कॉर्बेट नेशनल पार्क होने के कारण इसका अंतरराष्ट्रीय महत्व है। ऐसे में नेचर गाइड से संबंधित पढ़ाई और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना जरूरी है। बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में इको-टूरिज्म और ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट जैसे कई डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। यदि विश्वविद्यालय और संबंधित विभाग से अनुमति मिलती है तो नेचर गाइड डिप्लोमा कोर्स भी जल्द शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर फॉरेस्ट विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन से भी बातचीत कर इस कोर्स को आगे बढ़ाया जाएगा। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों का मानना है कि यह कदम युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। साथ ही प्रशिक्षित गाइड्स के माध्यम से पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा।



महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पांडे से मिलते सामाजिक कार्यकर्ता शर्मा

# डीएफओ नायक का तबादला, मार्तोलिया ने कार्यभार संभाला



विदाई समारोह में पुराने व नए डीएफओ

**रामनगर।** वन प्रभाग रामनगर के प्रभागीय वनाधिकारी दिगंथ नायक का तबादला होने पर उन्हें वन कर्मियों के अलावा स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने विदाई दी। इस दौरान नए डीएफओ ध्रुव सिंह मार्तोलिया का स्वागत किया गया। रामनगर वन प्रभाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डीएफओ नायक के कार्यकाल की सराहना की। सभी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि डीएफओ नायक ने कुछ समय कार्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक के रूप में भी कार्य किया। दिगंथ नायक ने कहा कि स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है। रामनगर में दो साल का कार्यकाल के यादगार के रूप में लेकर जा रहा हूं। यहां के वन कर्मियों, सीटीआर के अधिकारियों का व्यवहार हमेशा याद रहेगा। उनके स्थान पर आए ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने कहा कि रामनगर वन प्रभाग से उनका पुराना नाता रहा है। उन्होंने कहा कि वह वन कर्मियों एवं विभाग के साथ साथ जनता की समस्याओं के निदान का भी ध्यान रखेंगे। इस दौरान कार्बेट के उपनिदेशक राहुल कुमार, पार्क वार्डन अमित ग्वासी, एसडीओ किरन ग्वसीकोटी, वन क्षेत्राधिकारी शेखर तिवारी, हंसा पांगती के अलावा ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत वन दरोगा वीरेंद्र पांडे आदि थे।

# छेड़छाड़ के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा

### ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव, 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया

**केलाखेड़ा।** ग्रामीण क्षेत्र भव्वा नंगला में एक महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई न किए जाने पर बुधवार को ग्रामीणों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित नारंग के नेतृत्व में थाना केलाखेड़ा पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह सोलंकी का घेराव कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

ग्रामीणों के दबाव के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता देखते हुए आरोपी महबूब पुत्र मकसूद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ तो थाना परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। गांव की महिला सोनम पत्नी दलवीर सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया कि आरोपी लंबे समय से उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा है। बुधवार सुबह खेत जाते समय उसने महिला से अभद्रता कर दी। विरोध करने पर आरोपी अपने परिजनों के साथ लाठी-डंडे लेकर महिला के घर पहुंचा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस दौरान थाने में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सोलंकी ने संभाला केलाखेड़ा थाने का चार्ज



**केलाखेड़ा।** पुलिस लाइन से आये तेज-तर्रार निरीक्षक धर्मवीर सिंह सोलंकी ने बुधवार को केलाखेड़ा थाने के नए प्रभारी निरीक्षक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पूर्व प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार के अल्मोड़ा स्थानांतरण के बाद सोलंकी को केलाखेड़ा का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

कार्यभार संभालते ही उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त और नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस टीम पूरी तत्परता के साथ काम करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# एचएनबी पीजी कॉलेज में सीटें बढ़ाई जाएं

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**खटीमा।** एचएनबी पीजी कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी व एमकॉम में सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर सांकेतिक धरना दिया। साथ ही प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर सीटें बढ़ाने की मांग की। बुधवार को एबीवीपी कॉलेज इकाई अध्यक्ष रोहित चंद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाने के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी व एमकॉम में सीट बढ़ाने की मांग को लेकर कॉलेज के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और मुख्य गेट पर सांकेतिक धरना दिया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना कि कॉलेज में प्रवेश न मिलने से कई विद्यार्थी वंचित चल रहे हैं।

कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्राचार्य डा. आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपकर सभी कक्षाओं में सीटें बढ़ाने की मांग की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि दो दिन के भीतर सीटें नहीं बढ़ाई गई तो वह आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होंगे। इस दौरान तहसील संयोजक वंशिका शुक्ला, नगर मंत्री नवनीत राणा, मंदीप सिंह, जतिन पांडे, शुभम भट्ट, नितिन रस्तोगी, मयंक चुफाल, रोहित जोशी, नवल ऐठाणी, अमन चंद, पूजा बम, सुहानी राणा, सोना मेहरा, आशीष राणा, विजय कुमार, कुनाल मेहता, सचिन सामंत, मोहित पोखरिया, अर्पित कलौनी आदि मौजूद थे।